nt>
Title: Need to withdraw the orders to wear a particular type of dress by school students issued by the Delhi Administration.

श्री अजीत जोगी (रायगढ़): दिल्ली प्रशासन ने एक आदेश जारी किया है जिसके अनुसार दिल्ली की छात्राओं को एस विशेष प्रकार की ड्रैस पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया है, दिल्ली की छात्राएं स्कर्ट पहनकर नहीं आ सकती हैं। यह एक बहुत ही गंभीर बात हुई है।

... (व्यवधान)

जिस तरह से तालिबान अफगानिस्तान में आदेश देते हैं, जिस तरह से आतंकवादी फतवा दिया करते हैं

... (व्यवधान)

उसी तरह से आपकी सरकार ने फतवा दे दिया है कि इस दिल्ली शहर के छात्र-छात्राएं एक खास प्रकार के कपड़े ही पहनकर आएं। इसकी पूरे शिक्षा जगत में भर्तसना की गयी है। इसको शिक्षकों और छात्रों ने गलत ठहराया है। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, ऐसी प्रव्रत्ति बंद होनी चाहिए।

... (व्यवधान)

">

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना): सभापति जी, श्री अजीत जोगी जी ने जो सवाल उठाया है

... (व्यवधान)

उसमें मुझे जो मालूम पड़ा है कि कुछ देहात के लोगों ने

... (व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल) : मेरे प्रश्न का जवाब नहीं आया। मानव संसाधन मंत्रालय से ही संबंधित मेरा मामला था।

... (व्यवधान)

हमारा जवाब आ जाए तब आपका आए। इंजीनियरिंग कालेज का मामला है।

... (व्यवधान)

श्री मदन लाल खुरानाः आपका प्रश्न स्टेट से संबंधित है, यह यूनियन टैरेटरी है।

श्री मदन लाल खुरानाः सभापति महोदय, जोगी जी ने जो प्रश्न उठाया, मैं उसकी कलैरिफेकेशन में यह कहना चाहता हूं कि आज यह खबर समाचार पत्रों में भी छपी है और कल टेलिविजन के किसी चैनल में भी आया था,दिल्ली के स्कूली बच्चों के लिये स्कर्ट और टाई लगाने के लिये दिल्ली प्रशासन ने आर्डर निकाला है, ऐसा मुझे बताया गया है। मैंने इस बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की है जिसके अनुसार कुछ देहात के लोगों ने प्रोटैस्ट किया था। इस पर विचार चल रहा है। मैंने माननीय गृह मंत्री से बात की है। यदि इस प्रकार का आर्डर होगा तो दिल्ली सरकार से इस आदेश को वापस लेने के लिये कहेंगे।

श्री अजीत जोगी (रायगढ़): सभापति जी, मैं मंत्री जी के धन्यवाद दूंगा।

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : मेरा नाम पुकारा गया है

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : हम आपको बुलाएंगे, आप एक मिनट बैठ जाइये।

... (व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल) : यह ११५ छात्रों के भविष्य का सवाल है, मैं सरकार से चाहूंगा कि सरकार इस पर कोई वक्तव्य दे। मेरे सवाल का जवाब दिलवा दीजिए बड़ा गंभीर मामला है।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : जवाब नहीं देंगे तो क्या करेंगे।

... (व्यवधान)

12.59 hrs. ">(At this stage Shri Shailander Kumar left the House)